माँ को जो भी पुकारेगा मन से

माँ को जो भी पुकारेगा मन से,
दौड़ी आयेंगी मैया जतन से,

सबका जीवन संवारेगी माता ,
माता होती कभी न कुमाता,
उनका पूजन करो तन ओ मन से,
दौड़ी आयेंगी मैया जतन से,

वो हैं माता दुखी दीन जन की,
आशा पूरी करें सबके मन की,
उनको करना न ओझल नयन से,
दौड़ी आयेंगी मैया जतन से

ध्यानू ने सच्चे मन से पुकारा,
शीश घोड़े का जोड़ा दोबारा,
राजेन्द्र उनको पुकारो लगन से,
दौड़ी आयेंगी मैया जतन से,

गायक /गीतकार--राजेंद्र प्रसाद सोनी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22255/title/maa-ko-jo-bhi-pukaarega-man-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |